प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र का आज दसवां दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी जिसमें प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

बैठक

भाजपा विधायक दल की एक बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में कल शाम शिमला में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी शामिल रहे। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि बैठक में आगामी 27 मार्च को होने वाले प्रदर्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर जिले व विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में भाग लेंगे और प्रदेश में चल रहे माफिया राज, वर्तमान कांग्रेस सरकार को उनके वित्तीय कुप्रबंधन और झूठी गारंटियों पर घेरा जाएगा।

सिकंदर कुमार

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अप्रैल 2024 की स्थिति के अनुसार हिमाचल में पूर्णतः या अंशतः पड़ने वाली 13 हज़ार एक सौ 68 करोड़ रूपये की कुल 2 सौ 55 किलोमीटर लंबी चार नई रेल लाइनें योजना, अनुमोदन व निर्माण चरण में है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में कल राज्यसभा में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में से 61 किलोमीटर लंबाई को कमिशन कर दिया गया है और मार्च 2024 तक 6 हज़ार 2 सौ 25 करोड़ रूपये खर्च किए गए।

विश्व जल दिवस

आज विश्व जल दिवस है। इस वर्ष का विषय ग्लेशियर संरक्षण है। यह वैश्विक मीठे पानी की आपूर्ति बनाए रखने में ग्लेशियर की महत्वपूर्ण भूमिका और जलवायु संरक्षण उपायों की तत्काल आवश्यकता पर बल देता है। विश्व जल दिवस का प्राथमिक लक्ष्य हमारे ग्रह पर पानी के महत्व को पहचानना है। जश्न मनाने से परे, यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले गंभीर जल संकट को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में, लगभग दो अरब 20 करोड़ लोग स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल से वंचित हैं। जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अर्थ ऑवर

इस बीच भारत आज दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन, अर्थ ऑवर में शामिल होगा। अर्थ ऑवर का आयोजन प्रत्येक वर्ष मार्च में रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होता है। भारत में, प्रतिष्ठित स्थल, स्मारक, सार्वजनिक और निजी संस्थान, व्यवसाय और समुदाय इस आयोजन में एक साथ भाग लेते हैं। इस वर्ष के अर्थ ऑवर का विषय–जल के प्रति जागरूक बनें, जल संरक्षण और स्थायी प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

राऊलाने पर्व

किन्नौर जिला के कल्पा में पांच दिवसीय राऊलाने पर्व आज संपन्न हो जाएगा। जिले में अत्यधिक ठंड के चलते भी स्थानीय लोगों सहित देश व विदेशी पर्यटकों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश प्रदेश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है हालांकि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र किन्नौर में कल रात उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। चंबा जिला में तेज आंधी चलने का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घण्टों में प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

सुर्खिया समाचार पत्रों से.........

अमर उजाला व दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से एक जैसी सुर्खी दी है। करूणामूलक भर्ती के लिए एक माह में बनेगी, नीति आउटसोर्स कर्मियों को देंगे पक्की नौकरी। दैनिक भास्कर ने लिखा है बजट पर मंख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष नारेबाजी करते आया सदन से बाहर।

चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत से जुड़ी खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है पुलिस मुख्यालय ने गठित की एस आई टी, कई अधिकारियों व कर्मियों से पूछताछ।

रजनी पाटिल ने मोदी सरकार से मांगा हिमाचल का हक शीर्षक से आपका फैसला ने लिखा है हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने राज्यसभा में उठाया मुददा।

पंजाब में एच आर टी सी बस पर हमला करने वाले दोनों आरोपी गिरफतार हिमाचल दस्तक की एक खबर है।